## महत्वपूर्ण एवं खास

### सारंगढ़ में 4 जून को होगा जांजगीर चांपा लोकसभा अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा का मतगणना

#### रिटर्निंग अधिकारी जांजगीर चांपा ने जारी किया पत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर चांपा के बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र 43 का मतगणना कृषि उपज मण्डी परिसर सारंगढ़ में 04 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू होगा। इस आशय का पत्र अनुलग्नक 34 कार्यालय कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी जांजगीर चांपा ने जारी किया है। यह पत्र अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता को मतगणना संबंधी तिथि, समय और स्थान के संबंध में सूचना है।

### 19 लोगों की हादसे में मौत, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** कबीरधाम जिले में सोमवार को हुए भीषण सडक़ हादसे में 19 लोगों की मौत पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में रजिस्टर्ड किया है। 24 मई को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच इस पर सुनवाई करेगी। कवर्धा जिले में कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी के पास कल यानी सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे यह हादसा हुआ। सभी ग्रामवासी सेमहारा के रहने वाले थे, जो तेंदूपत्ता तोडक़र पिकअप से वापस आ रहे थे। मारे गए लोगों में 18 महिला व एक पुरुष शामिल हैं। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्रेक फेल होने से वाहन बंजारी घाट बाहपानी के मोड़ के पास 30 फीट गहरी खाई में जा गिरा था। ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई। ड्राइवर दिनेश से पुलिस जानकारी ले रही है। हादसे में मौके पर 15 लोगों की मौत हो गई थी, चार लोगों ने कुकदूर के सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पिकअप में 36 लोग सवार थे। ये सभी लोग जंगल गए थे और तेंदूपत्ता तोडक़र वापस आ रहे थे, तभी मोड़ के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नीचे खाई में जा गिरा।

### कीटनाशक सेवन कर किशोरी ने दी जान

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा क्षेत्र में रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी ने चूहा मार दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर उसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। किशोरी का नाम भारती केंवट बताया गया है,जिसने अज्ञात कारणों से यह कदम उठाया। पिता ने बताया,कि रात में उसने और भारती ने एक साथ भोजन किया,फिर सोने चले गए। सुबह पुत्री ने उसे स्वास्थ्य सही नहीं होने की बात बताई,जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। तब जाकर परिजनों को किशोरी द्वारा चूहा मार दवा का सेवन कर लेने की बात पता चली। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि कीटनाशक के रासायनिक प्रभाव से यह सब हुआ है। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर ली है। शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आने से बुजुर्ग दंपति की गई जान

**दुर्ग (आरएनएस)।** हर दिन की तरह आज मॉर्निंग वॉक में पति-पत्नी और नाती निकले थे। इस दौरान अहिवारा बाईपास से एक ट्रैक्टर गुजर रहा था। चालक ट्रैक्टर में दो ट्रॉली लेकर जा रहा था, तभी पीछे की एक ट्रॉली का कप्लिंग अचानक खुल गई। जिससे पीछे पैदल आ रहे पति-पत्नी इसकी चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। वहीं उनका नाती इस हादसे में बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में पति नुमान साहू 55 वर्षीय और पत्नी प्रीतिन साहू 48 वर्षीय की मौत हुई है। मृतक नुमान साहू अहिवारा में आशा फोटो स्टूडियो का संचालक था। नंदनी थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन और राहत व्यवस्था की तैयारी के संबंध में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने दिए निर्देश

❑ आगामी माह से प्रारंभ होगा जिले में होगा वृहद वृक्षारोपण अभियान

रायगढ़





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी वर्षा ऋतु में जिले में संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बाढ़ आपदा प्रबंधन और राहत व्यवस्था के संबंध में सभी आवश्यक संसाधनों की जानकारी लेते हुए तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के साथ ही अन्य स्थानों पर भी नाव, तैराक दल, आवश्यक दवाएं आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जीवनरक्षक दवा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल स्त्रोत उपचारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि पहुंच विहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति की संभावना रहती है वहां बाढ़ से प्रभावित लोगों के ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के ऐसे क्षेत्र जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है। इन क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने की व्यवस्था की जाए एवं लोगों को आवश्यकता पडऩे पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उनको ठहराने के लिए राहत कैम्प आदि की सम्पूर्ण योजना तैयार कर ली जाए।

कलेक्टर गोयल ने जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था, नगर सेना द्वारा बाढ़ आपदा के बचाव सुरक्षा उपकरणों की तैयारी पर चर्चा किया गया। सभी तहसीलों से प्रतिदिन वर्षा रिपोर्ट की जानकारी 01 जून से नियमित रूप से देने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार खाद्य विभाग को इन क्षेत्रों में पर्याप्त राशन, केरोसीन एवं गैस के स्टॉक रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को जलजनित बीमारियों के रोकथाम हेतु दवाईयों के साथ सर्पदंश से बचाव हेतु इंटीवेनम की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को फसल क्षति के आंकलन तत्काल तैयार करने एवं फसलों के बचाव हेतु बल्क मैसेज के माध्यम से संदेश, पशु विभाग को पशुओं के टीकाकरण, परिवहन विभाग को वाहनों की व्यवस्था, जल संसाधन विभाग को बांध के जल स्तर के नियमित मॉनिटरिंग एवं पानी छोडऩे से पूर्व सूचना, पीडब्ल्यूडी को केलो बांध में पानी छोडऩे की स्थिति में चक्रपथ डायवर्सन, वन विभाग को बांस बल्ली तथा आयुक्त नगर निगम को शहरी क्षेत्र में राहत केन्द्र स्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए।

कलेक्टर से गोयल ने आगामी कृषि सीजन को देखते हुए केसीसी के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कृषि विभाग से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए लंबित केसीसी प्रकरणों को बैंक भेजने एवं एलबीओ को संबंधित प्रकरण का फॉलोअप लेने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वेटनरी एवं उद्यानिकी विभाग के लंबित प्रकरणों की जानकारी भी ली।

बैठक में कलेक्टर गोयल ने डीईओ से शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूलों में प्रवेशित बच्चों की जानकारी लेते हुए स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों के कारण सहित जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने पर्यटन विभाग से जिले में सैलानियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में बच्चों के लिए आयोजित समर कैम्प की जानकारी ली। विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण एवं विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने जल प्रदाय योजना की विकासखण्डवार अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आंशिक रूप से पूर्ण, पानी सप्लाई बंद एवं जल प्रदाय अप्रारंभ कार्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**वृहद वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आगामी वर्षा ऋतु में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद वृक्षारोपण की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग एवं सभी एसडीएम जगह चिन्हांकन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीपल के बड़े पौधे रोपे जाएंगे जिससे उनकी जीवित रहने की संभावना अधिक होती है। इन पौधों को खाली स्थानों और नदी तट पर विशेष तौर पर रोपे जाएंगे। यह अभियान आगामी माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ की जाएगी।

**आकाशीय बिजली के जोखिम से बचाएंगी दामिनी और फसलों का सुरक्षा कवच बनेगा मेघदूत**

कलेक्टर गोयल ने कहा कि मौसम की जोखिम से बचाने के लिए मौसम विभाग द्वारा मेघदूत नाम का एक ऐप विकसित किया गया है। जिससे मौसम की सटिक जानकारी उपलब्ध होती है। मानसून के दौरान आकाशीय बिजली का सबसे अधिक जोखिम होता है, जिससे कई बार लोगों की जान तक चली जाती है, ऐसे में दामिनी ऐप काफी कारगर है। इस ऐप के माध्यम से आकाशीय बिजली से बचाव के तरीकों के संबंध में आधे घंटे पहले ही सूचना उपलब्ध हो जाएगी। इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत लोकेशन के अनुसार उस स्थान से 10 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के बारे में अलर्ट संदेश मिलेगा।

## समर कैम्प के दौरान स्कूलों में दिखाई गई बच्चों को फिल्म 'आई एम कलाम'

❑ बच्चों ने किया एक्सपोजर विजिट के तहत बैंक, रेलवे स्टेशन, पोस्ट ऑफिस, अस्पताल का भ्रमण

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में 09 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए प्रतिदिवस के लिये एक अलग थीम निर्धारित कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

जिला नोडल भुवनेश्वर पटेल ने बताया कि 09 दिवसीय विशेष समर कैंप में स्कूलों में प्रेरणास्पद फिल्म 'आई एम कलाम' का प्रदर्शन कर बच्चों को दिखाया गया और बच्चों को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के जीवनी से प्रेरणा लेने के प्रेरित किया गया। कुछ स्कूलों में तारे जमीन पर फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाकर बच्चों को प्रेरित किया गया।

**बच्चों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण-** जिले से जारी निर्देशों के अनुरूप एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत समीप के पोस्ट ऑफिस, बैंक एटीएम, अस्पताल का विजिट कराकर इनकी प्रत्यक्ष कार्यप्रणाली से बच्चों को अवगत कराया गया।

**बच्चों ने जाना कचरा प्रबंधन-** आज की थीम अनुसार बच्चों को गिला कचरा एवं सूखा कचरा अलग रखना, कचरा प्रबंधन के साथ रद्दी सामानों से उपयोगी समान बनाने के लिये कबाड़ से जुगाड़ की गतिविधियां आयोजित की गई।

## मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर, एसपी

❑ स्ट्रांग रुम से मतगणना कक्ष तक के रुट का किया निरीक्षण

❑ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश

रायगढ़



लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए आगामी 4 जून को होने वाले मतगणना हेतु गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज में तैयारियां का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल एवं एसपी दिव्यांग पटेल ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल एवं एसपी दिव्यांग पटेल ने विधान सभावार मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक आवाजाही हेतु कॉरिडोर में बेरिकेटिंग एवं आवश्यक सुरक्षा संबंधी व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर गोयल ने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतगणना कक्ष में प्रत्याशियों एवं गणना अभिकर्ता के प्रवेश हेतु रूट की जानकारी लेते हुए आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था अवलोकन किया। कलेक्टर गोयल ने क्रमश:सभी विधान सभाओं के स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष में मशीनों के मूवमेंट हेतु आवश्यक बेरिकेट्स का निरीक्षण किया।

कलेक्टर गोयल एवं एसपी पटेल ने स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों से राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने निरीक्षण पंजी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम के सीसीटीवी कैमरों के लगातार किए जा रहे डिस्प्ले का अवलोकन किया। उक्त डिस्प्ले का राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और आम जन के अवलोकन हेतु टीवी के माध्यम से लगातार डिस्प्ले किया जा रहा है, ताकि अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता अथवा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सीसीटीवी के लाइव फुटेज का अवलोकन कर सके।

## प्रतिबंधित पंचधारी एनीकट में नहाने वालों के मोबाइल चुराने वाले शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

❑ आरोपी से चोरी के 4 मोबाइल बरामद, आरोपी को पूर्व में भी चोरी के अपराधों में किया गया है चालान

रायगढ़



थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केलो डेम पर बने एनीकट पंचधारी नहाने के लिए प्रतिबंधित होने के बावजूद लोग नहाने आते हैं, जहां से नहाने आये लोगों के मोबाइल, कपड़े, रूपयों के चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 20.05.2024 को संत विनोबा नगर जूटमिल की रहने वाली ज्योति किण्डो (उम्र 16 वर्ष) द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 05/05/2024 को वह अपनी 3 सहेलियों के साथ पंचधारी ऐनीकेट डेम में सुबह करीब 11:00 बजे नहाने गयी थी। ज्योति और इनकी सहेलियों ने अपने स्कूल बैग में अपना कपड़ा व 2 मोबाईल फोन, नगदी रकम 3000 रुपये कुल जुमला कीमती रु.16,000 रुपये का डेम के सीढ़ी के पास कपड़े में लपेट कर रखे थे और नहाने गये थे। थोड़ी देर बाद वापस आये तो उनका कपड़ा एवं बैग, दोनों मोबाईल फोन एवं नगदी रकम नहीं था, आसपास पता तलाश किये पता नहीं चला। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 310/2024 धारा 379 आईपीसी कायम कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा कोतवाली पुलिस को क्षेत्र में मोटर सायकल व विभिन्न चोरियों के माल मुल्जिम की पतासाजी हेतु दिशा निर्देश दिया गया है। सीएसपी आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी मोबाइल के डिटेल के साथ पूर्व में चोरी में शामिल आपराधों में चालान हुये आरोपियों से सघन पूछताछ कर रही है। इसी कड़ी में कल कोतवाली पुलिस से सूचना मिला कि चांदमारी सर्किट हाउस के पास सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल बिकी के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है, तत्काल कोतवाली पुलिस ने संदेही दीपक कर्ष निवासी चांदमारी को हिरासत में लिया गया जिसके पास विभिन्न कंपनियों के 04 मोबाइल मिला। मोबाइलों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर उसने इसी माह पंचधारी डेम के पास से मोबाइल चुराना बताया है। आरोपी से चोरी की 04 नग मोबाइल कीमती करीब 32 हजार रुपए का जप्त कर आरोपी को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस द्वारा रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी दीपक कर्ष पिता देवलाल कर्ष उम्र 21 साल निवासी चांदमारी थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में भी चोरी के अपराध में चालान कर जेल भेजा गया था। आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, मनोज पटनायक शामिल थे।

## सस्ती यात्रा पड़ सकती है महंगी, ग्रामीणों की जान जोखिम में ना डालें : थाना प्रभारी

❑ हादसों को लेकर थाना प्रभारी पूंजीपथरा ने ली मालवाहक वाहनों के ड्राइवर और वाहन मालिक बैठक

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर आज थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा थाना परिसर में क्षेत्र के माल वाहक वाहन चालकों और वाहन स्वामियों की मीटिंग लिया गया जिसमें क्षेत्र के पंच सरपंच भी उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने कडे शब्दों में वाहन चालक और वाहन मालिकों को मालवाहक में सवारियां बिठाने पर हो रही दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेने कहा गया और बताए थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे को अंजाम देती है। जान जोखिम में ना डालें। सड़क हादसे पछतावा का मौकी नहीं देते। बैठक में उपस्थित पंच, सरपंच से कहा गया कि शादी के सीजन में लोग सस्ती यात्रा के लिए ट्रेक्टर का उपयोग करते हैं जो महंगा पड़ सकता है, उन्होंने पंच, सरपंच को उनके गांव में ट्रेक्टर से सवारी ना ले जाने मुनादी कराने कहा गया और ऐसा करते पाये जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दिये। बैठक में थाना प्रभारी ने चालकों और वाहन मालिकों को बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के तेज गति और शराब सेवन कर वाहन चलाते वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश हैं, इस ओर विशेष ध्यान देवें। बैठक में काफी संख्या में वाहन चालक, वाहन स्वामी और कई गांव के पंच, सरपंच मौजूद थे।

## कोतवाली पुलिस ने सट्टा खाईवाल पर प्रतिबंधक कार्यवाही कर भेजा जेल

रायगढ़



बीते शनिवार 19 मई की रात्रि साइबर सेल व कोतवाली पुलिस द्वारा मधुबनपारा, रायगढ़ में सट्टा खाईवाल शहनवाज मलिक उर्फ सानू को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा जिस पर थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की गई थी। खाईवाल शहनवाज उर्फ सानू तथा उसके लिए सट्टा-पट्टी लिखने वालों पर पुलिस की कार्रवाई से सटोरिए सानू उसके मोहल्ले के कुछ लोगों पर पुलिस को सूचना देने का संदेह जताकर आज शाम मोहल्ले में गाली गलौज कर रहा था। टीआई कोतवाली को खाईवाल के कृत्य की जानकारी मिलने पर कोतवाली स्टॉफ को मौके पर रवाना किया गया। जहां शाहनवाज खान उर्फ सानू मोहल्ले वालों को गाली गलौज कर डराते धमकाते मिला जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा शांतिभंग ना करने की समझाइश दी गई इतने में अनावेदक सानू आक्रोशित होकर तेज आवाज में पुलिसकर्मियों के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। अनावेदक सानू खान के कृत्य को देखते हुए कोतवाली स्टाफ द्वारा शहनवाज मलिक उर्फ सानू पिता कतुबुद्दीन 35 साल मधुबनपारा रायगढ़ को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिस पर धारा 151/107,116(3) सीआरपीसी की कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय रायगढ़ पेश किया गया। अनावेदक का जेल वारंट प्राप्त होने पर कोतवाली पुलिस ने शहनवाज मलिक उर्फ सानू को जेल दाखिल किया है। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं प्रधान आरक्षक दिलीप कुमार भानु शामिल थे।

## शिक्षक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित होंगे तो कार्यवाही होगा : कलेक्टर धर्मेश साहू

❑ समय सीमा की बैठक संपन्न

सारंगढ़ बिलाईगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में जिले के कार्यो और आवेदनों का समीक्षा समय सीमा के बैठक में किया गया। बैठक में लंबित आवेदनों के क्रमवार सभी जनपद, नगरीय निकाय, वन, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, सहकारिता, जनसंपर्क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, खाद्य, विद्युत कंपनी, अपेक्स बैंक सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों पर चर्चा कर त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी 4 जून को लोकसभा निर्वाचन का मतगणना होनी है। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण, टेबल रनर, माइक्रो आब्जर्वर, गणना करने वाले अधिकारियों-कर्मचारी की व्यवस्था, ड्यूटी, परिचय पत्र जारी करने, पत्रकारों के मीडिया पास आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देशत किया। इसके साथ ही एसडीओपी अविनाश मिश्रा और पीडब्ल्यूडी अधिकारी को परिसर में पंडाल, बेरिकेटिंग, आगमन-बर्हिगमन, सुरक्षा का लेआउट तैयार करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सीएमओ राजेश पांडेय को मतगणना परिसर का सफाई करने के लिए निर्देश दिए।

श्री धर्मेश साहू ने स्कूल प्रारंभ के संबंध में जानकारी लिया। बीईओ नरेश चौहान ने बताया कि 18 जून के आसपास स्कूल प्रारंभ किया जाएगा। इसके पूर्व स्कूल में मरम्मत कार्य को पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के शिक्षकों को स्पष्ट किया कि वे अपने स्कूलों में नियमित रूप से अध्यापन करें। कोई बहाना नहीं चलेगा। यदि किसी स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ हैं और वो स्वयं ड्यूटी निर्धारित कर एक दिन अनुपस्थित रहते हैं तो उनके अनुपस्थिति पर मैं कार्यवाही करूंगा। बैठक में एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक व्यासनारायण साहू, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, जिला प्रबंधक खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम सूर्यकांत शुक्ला, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, सीईओ संजू पटेल, प्रज्ञा यादव, सीएमओ राजेश पांडेय, मधुलिका चंदेल, अनिल सोनवानी, बीईओ सत्यनारायण साहू, रेशम लाल कोशले, नरेश चौहान, एसडीओ पीएचई कमल कंवर, तहसीलदार शनि पैकरा, कोमल साहू, आयुष तिवारी, रूपाली मेश्राम, पूनम तिवारी, कमलेश सिदार, अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480